हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार 9 मई 2026


तापमान
अधिकतम 39 .6 डिग्री
न्यूनतम 18 .0 डिग्री


12 भाजपा और कांग्रेस ने प्रचार के अंतिम दिन...



12 अटल कैंटीन से मजदूरों को मिल रहा स्वादिष्ट ...



## खबर संक्षेप

### लोन के नाम पर व्यक्ति से ठगे 78 हजार रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने व्यासपुर निवासी प्रदीप कुमार को लोन दिलवाने के नाम पर 78 हजार रुपये हड़प लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। व्यासपुर निवासी प्रदीप कुमार ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 अप्रैल को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने कल खुद को बैंक का कर्मचारी बताया और उसे लोन दिलवाने का बात कही। वह आरोपी की बातों में आ गया। 18 अप्रैल से एक मई के बीच उससे अलग-अलग करके 78 हजार रुपए ले लिए मगर इसके बाद भी आरोपी ने उसे लोन नहीं दिलवाया। जब उसने इसके बाद आरोपी से संपर्क करने का प्रयास किया तो आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर लिया।

### महिला के साथ की मारपीट, केस दर्ज

**यमुनानगर।** शहर की संजय विहार कॉलोनी में कहासुनी होने पर दो युवकों ने एक घर में घुसकर महिला के साथ गाली गलौज व मारपीट की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपी भाइयों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। संजय विहार कॉलोनी निवासी सिंदर कौर ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले कॉलोनी के ही प्रदीप कुमार व उसके भाई गौरव के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। 28 अप्रैल को घर पर काम कर रही थी। इस दौरान प्रदीप व गौरव उसके घर में घुस गए और उसके साथ गाली गलौज करने लगे। उसके विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### विदेश भेजने के नाम पर युवक से हड़पे 7.35 लाख

**यमुनानगर।** गांव पिंजोरी निवासी अविनाश कुमार से विदेश भेजने के नाम पर 7.35 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि सेक्टर 12 निवासी मोहित कुमार और मुकेश कुमार ने अपने इमीग्रेशन कार्यालय में उसे विदेश भेजने का झांसा दिया। फरवरी 2025 में आरोपियों ने उससे रकम और दस्तावेज ले लिए, लेकिन लंबे समय तक विदेश नहीं भेजा। जवाब न मिलने पर अविनाश ने थाना छप्पर पुलिस में शिकायत दी। जांच के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### खेत में बने घर में आग लगाई, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव इसराना से परढाना जाने वाली रोड स्थित किसान संदीप पुत्र वेद सिंह के खेत में बने मकान में अज्ञात ने पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। इस घटना में भवन व इसके अंदर रखा सामान आग में राख हो गया। इधर, संदीप की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। वहीं, मौके से शराब की बोतल और पेट्रोल की खाली बोतल बरामद हुई है। इधर, संदीप ने आरोप लगाया कि रंजिशन उनके घर में आग लगाई गई, वहीं पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।कर दी।

### पानीपतः किशोरी लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत शहर की शिव नगर कॉलोनी निवासी एक किशोरी संदिग्ध हालात में लापता हो गई। वहीं, लड़की की मां की शिकायत पर कृष्णपुरा चौकी पुलिस ने सौरव नामक युवक पर लडकी को शादी की नीयत से बहलाफुसला का अपने साथ ले जाने के आरोप में केस दर्ज किया है। आरोपी व लड़की की तलाश की जा रही है।

---

शिक्षा निदेशालय ने सभी शिक्षा अधिकारियों को जारी किए निर्देश

# सरकारी स्कूलों में अब न्यूज रीडिंग कल्चर पर दिया जाएगा जोर

## ▶▶ बच्चों में बढ़ेगी तार्किक सोच ▶▶ भाषा कौशल और जनरल नॉलेज सीखेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को किताबों के साथ-साथ देश-दुनिया की घटनाओं से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर स्कूलों में विद्यार्थियों के बीच समाचार पत्र पढ़ने की आदत विकसित करने और उससे संबंधित शैक्षणिक गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित करवाने के निर्देश दिए गए है। शिक्षा विभाग की इस पहल को नई शिक्षा नीति और व्यवहारिक शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि वर्तमान समय में समाचार पत्र विद्यार्थियों के लिए केवल सूचना का माध्यम नहीं बल्कि भाषा विकास, तार्किक क्षमता, सामान्य ज्ञान और सामाजिक समझ को मजबूत करने का प्रभावी साधन है। विभाग का मानना है कि यदि विद्यार्थियों में नियमित रूप से समाचार पत्र पढ़ने की आदत विकसित की जाती है तो वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाओं से अपडेट रहेंगे तथा उनमें जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने की भावना विकसित होगी।



अंबाला। असेंबली में अखबार पढ़ती छात्रा तथा साथ में अध्यापिका सुमन कौर।

### बच्चों में बढ़ेगी विश्लेषण क्षमता

निदेशालय के अनुसार समाचार पत्र पढ़ने से विद्यार्थियों की शब्दावली बेहतर होती है और घटनाओं को समझने व उनका विश्लेषण करने की क्षमता विकसित होती है। यही कारण है कि विभाग ने अब स्कूलों में केवल पढ़ाई तक सीमित रहने की बजाय बच्चों को सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और राजनीतिक विषयों से भी जोड़ने की योजना बनाई है। विभाग ने स्कूल प्रमुखों को निर्देश दिए है कि वे बच्चों के लिए दैनिक और साप्ताहिक समाचार पत्र पठन सत्र आयोजित करे। इसके अलावा करंट अफेयर्स क्विज, समाचार विश्लेषण, वाद-विवाद प्रतियोगिता, समाचार आधारित निबंध लेखन, हेडलाइन लेखन और अनुवाद अभ्यास जैसी गतिविधियों को भी नियमित रूप से संचालित किया जाए।

### बनेंगे न्यूज बोर्ड और मीडिया क्लब

शिक्षा विभाग ने स्कूलों में न्यूज बोर्ड और वॉल मैगजीन शुरू करने के भी निर्देश दिए है। इसके तहत विद्यार्थी महत्वपूर्ण समाचारों को चयनित कर स्कूल परिसर में प्रदर्शित करेंगे। इससे बच्चों में रचनात्मकता और प्रस्तुति कौशल का विकास होगा। इसके अलावा स्कूलों में मीडिया क्लब और पत्रकारिता क्लब गठित करने पर भी जोर दिया गया है। इन क्लबों के माध्यम से विद्यार्थियों को रिपोर्टिंग, समाचार लेखन और प्रस्तुति कौशल की बुनियादी जानकारी दी जाएगी। विभाग का मानना है कि इससे विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

### मॉर्निंग असेंबली में होगी खबर प्रस्तुति

राजकीय उच्च विद्यालय मंडोर की मॉर्निंग असेंबली इंचार्ज एवं इंग्लिश अध्यापिका सुमन कौर ने कहा कि स्कूलों में आज की खबर प्रस्तुति कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि जब विद्यार्थी मंच पर आकर समाचार प्रस्तुत करते है तो उनमें बोलने का आत्मविश्वास बढ़ता है और भाषा पर पकड़ मजबूत होती है। आज के डिजिटल दौर में बच्चों का झुकाव मोबाइल और सोशल मीडिया की ओर अधिक हो गया है जहां कई बार अधूरी या गलत जानकारी भी मिलती है। ऐसे में प्रमाणिक समाचार पत्र पढ़ने की आदत बच्चों को सही और तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध करवाएगी। सुमन कौर ने कहा कि समाचार पत्र पढ़ने से विद्यार्थियों की अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं की समझ बेहतर होती है। नए शब्द सीखने के साथ-साथ उनकी लेखन शैली और उच्चारण में भी सुधार आता है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह पहल बेहद लाभदायक साबित होगी।

### अखबार उपलब्ध करवाने के निर्देश

शिक्षा निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि सभी सरकारी स्कूलों की लाइब्रेरी में कम से कम एक हिंदी और एक अंग्रेजी समाचार पत्र की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। विभाग का उद्देश्य है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को समान रूप से गुणवत्तापूर्ण जानकारी मिल सके। वहीं शिक्षा विशेषज्ञ शशि भूषण का कहना है कि यह पहल विद्यार्थियों को केवल परीक्षा तक सीमित नहीं रखेगी बल्कि उन्हें व्यवहारिक जीवन के लिए भी तैयार करेगी। समाचार पत्रों के माध्यम से बच्चे समाज की वास्तविक परिस्थितियों, सरकारी योजनाओं, विज्ञान, खेल और वैश्विक घटनाओं के बारे में जान सकेंगे। यह निर्णय नई शिक्षा नीति की उस सोच को मजबूत करेगा जिसमें रटने की बजाय समझ आधारित शिक्षा पर जोर दिया गया है। यदि स्कूलों में इन गतिविधियों को गंभीरता से लागू किया गया तो आने वाले समय में विद्यार्थियों की सोच, संवाद क्षमता और सामाजिक समझ में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। शिक्षा विभाग की इस पहल को अभिभावकों और शिक्षकों द्वारा भी सकारात्मक कदम माना जा रहा है। समाचार पत्र पढ़ने की आदत बच्चों को अनुशासित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगी।

---

यमुनानगर के बलाचौर की टपरियों में वारदात

# आंगन में मिला युवक का शव पत्नी से रात में हुआ था झगड़ा

- मृतक की बहन ने शरीर पर निशान मिलने का दावा करते हुए हत्या की आशंका जताई
- छछरौली थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



अंबाला। मृतक सूरज फाइल फोटो ।

छछरौली थाना क्षेत्र के गांव बलाचौर की टपरियों में एक युवक का शव घर के आंगन में पड़ा मिला। बताया जा रहा है कि रात को पति पत्नी के बीच आपस में झगड़ा हुआ था। मृतक की बहन ने आरोप लगाया कि उसके भाई की मौत संदिग्ध है। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मृतक की बहन सरोज ने बताया कि उसके भाई 27 वर्षीय सूरज की शादी साल 2022 में हुई थी। उसके दो बच्चे हैं जिनमें तीन साल की एक बेटी और तीन माह का बेटा शामिल है। सरोज ने बताया कि आज सुबह उन्हें सूचना मिली कि उनके भाई की मौत हो गई है। जब वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि राहुल का शव घर के आंगन में पड़ा हुआ था और घर का सामान भी बिखरा हुआ था। पूछताछ करने पर सूरज की पत्नी ने बताया कि रात को दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। झगड़े के बाद वह बच्चों को लेकर कमरे में सोने चली गई। सुबह करीब चार बजे जब वह कमरे से बाहर निकली तो सूरज आंगन में पड़ा मिला और उसकी मौत हो चुकी थी। बहन सरोज ने आरोप लगाया कि रात को हुए झगड़े की जानकारी उन्हें नहीं दी गई और न ही सुबह सूरज की मौत के बारे में परिवार को सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों के माध्यम से उन्हें घटना का पता चला। जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे। मृतक की बहन सरोज का कहना है कि सूरज के शरीर पर कुछ निशान भी मिले हैं, जिससे उन्हें उसकी मौत संदिग्ध लग रही है। इसी आधार पर उन्होंने छछरौली थाना पुलिस को शिकायत देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का होगा खुलासा

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

---

# लिव-इन पार्टनर के घर से ले जाई गई महिला मायके से बरामद

- पुलिस ने महिला के बयान मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज करवाकर उसे वारिसों के हवाले कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने शाहबाद लिव-इन पार्टनर के घर से अपहरण की गई महिला को बरामद कर लिया है। थाना शाहबाद पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए शाहबाद से अपहरण की गई महिला को उसके मायके से बरामद करने में सफलता हासिल की है। शाहबाद पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि सोनू वासी रावा जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि महिला की शादी 15 साल पहले नायब सिहं के साथ हुई थी और शादी से इन दोनों के 3 बच्चे जिसमें दो लड़किया व एक लड़का है। पिछले 6/7 महीने से वह तथा महिला एक दूसरे को जानते हैं और प्यार करते हैं इसलिए महिला अपनी मर्जी से अपने पहले पति को छोड़कर उसके साथ लिव इन रिलेशन में गांव रावा में रहने लग गई थी। इस सम्बन्ध में उन्होंने 7 अप्रैल 2026 को पेहवा कोर्ट में लिव इन रिलेशन का एक इकरारनामा भी रजिस्ट्र करवाकर बनवाया था। उसके बाद महिला के पति ने उनकी एक शिकायत थाना इस्माईलाबाद में की थी। उसके बाद उसके गांव रावा में एक पंचायत हुई थी जिसमे पंचायत ने महिला को उसके साथ रहने के लिए राजीनामा करवा दिया था। 6 मई 2026 को सुबह करीब 11 बजे जब उसके घर में कोई नहीं था। महिला का पति नायब सिहं अपने साथियों के साथ आया और घर में औरतो के साथ लड़ाई झगड़ा करके महिला व दो बच्चो को किडनैप करके ले गया। आरोपी उसके घरवालो को जान से मारने की धमकी देकर गये हैं। जिसकी शिकायत पर थाना शाहबाद में मामला दर्ज करके जांच के बाद

---

## कारोबारी के घर फायरिंग का आरोपी अर्जुन जेल भेजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने लाडवा के कारोबारी के घर पर फायरिंग करने के आरोपी अर्जुन पंडित को जेल भेजा दिया है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने कारोबारी के घर पर गोली चलाने के आरोपी अर्जुन वासी कोसीकला जिला मथुरा यूपी को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 2 मई को पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के आदेशानुसार अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम अपराधियों की तलाश में लाडवा एरिया में मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर हिनोरी रोड पर बदरपुर एरिया में बिना नंबर प्लेट की बाइक पर संदिग्ध युवक को मुठभेड़ के बाद काबू किया था। आरोपी की पहचान कारोबारी के घर पर फायरिंग करने के मुख्य आरोपी अर्जुन वासी कोसीकलां जिला मथुरा यूपी के रुप में हुई थी। पुलिस टीम ने आरोपी को काबू कर लाडवा के अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद एलएनजेपी अस्पताल में दाखिल करवाया था। पुलिस ने ईलाज के बाद हस्पताल से छुट्टी होने पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था।

---

कुरुक्षेत्र-ढांड रोड पर हादसा, गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की

# यूएस से डिपोर्ट युवक को कार ने मारी टक्कर, 100 मीटर दूर गिरी बाइक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



ढांड रोड पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा टेरी कॉलेज के पास हुआ, जहां पीछे से आई कार ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक करीब 100 मीटर दूर जाकर गिरी। आरोप है कि हादसे के बाद कार चालक ने घायल युवक पर गाड़ी चढ़ाने की भी कोशिश की और मौके से फरार हो गया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसके आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।घायल युवक की पहचान कैथल के गांव पबनावा निवासी अनिल के रूप में हुई है। उसके भाई महावीर के अनुसार अनिल किसी काम से कुरुक्षेत्र गया था और लौटते समय हादसे का शिकार हो गया। गंभीर हालत में उसे निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है, जहां वह कोमा में बताया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि अनिल दो साल पहले डंकी रूट से अमेरिका गया था, जहां वह स्टोर में काम करता था। बाद में गिरफ्तार होने के बाद उसे 11 फरवरी 2026 को अमेरिका से डिपोर्ट कर दिया गया था। ज्योतिसर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरों ने मंदिर में हनुमान की मूर्ति खंडित की

**पानीपत।** पानीपत के मनमोहन नगर के श्री शिव मंदिर में चोरों ने भगवान हनुमान की मूर्ति खंडित और चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर मंदिर से दानपात्र तोड़कर नकदी, पीतल की मूर्तियां और पूजा का सामान चोरी कर ले गए। मंत्री में चोरी होने व श्री हनुमान की मूर्ति खंडित किए जाने की घटना से मनमोहन नगर के निवासियों में भारी रोष व्यप्त है। इधर, पुजारी ओमप्रकाश की शिकायत पर थाना किला पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोर मंदिर से करीब बारह हजार रुपये की दान में मिली राशि, पांच किलो वजनी पीतल के कान्हाजी, तांबे के नाग देवता घंटी चुरा ले गए।

---

यमुनानगर में बाइक सवार दो युवकों ने की वारदात

# बुजुर्ग से 15 हजार छीनकर भाग रहे युवक को लोगों ने पकड़कर की धुनाई

- विशाल और उसके साथी बबलू के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव कलावड़ में बुजुर्ग व्यक्ति से पैसे छीन कर भाग रहे दो युवकों में से एक युवक को लोगों ने पकड़ लिया। लोगों ने आरोपी युवक की जमकर धुनाई की और बाद में आरोपी युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी युवक व उसके साथी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव कलावड़ निवासी स्वरूप चंद वीरवार को दोपहर तीन बजे गांव में ही किसी काम से जा रहा था। इस दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक वहां पहुंचे। आरोपियों ने स्वरूप चंद के पीछे से आकर उसके सिर पर चोट मारी और उसकी जेब से 15 हजार रुपए निकाल कर मौके से भागने लगे। इस दौरान आसपास के लोगों ने आरोपियों का पीछा किया और एक आरोपी को मौके से पकड़ लिया। जबकि उसका दूसरा साथी मौके से भागने में कामयाब हो गया। लोगों ने पकड़े गए आरोपों की जमकर धुनाई की और बाद में उसको पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपों की पहचान विशाल व उसके फरार साथी की पहचान बबलू के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपी की जेब से पैसे भी बरामद हुए। बाद में पुलिस ने स्वरूप चंद की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

ऊर्जा मंत्री विज ने बताया कि निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिए गए

# 64.47 करोड़ से बनेगा अटल मॉल एंड बैंक स्क्वेयर का दूसरा चरण, ऑडिटोरियम और फूड कोर्ट होंगे तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बताया कि अंबाला छावनी में अटल मॉल एंड बैंक स्क्वेयर भवन में द्वितीय चरण के लिए हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा टेंडर लगा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द टेंडर अलॉट किया जाएगा जिसके उपरांत निर्माण कार्य को प्रारंभ किया जाएगा। निर्माण हेतु 64.47 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे। इससे पूर्व अटल मॉल एंड बैंक स्क्वेयर में पहले चरण का निर्माण कार्य लगभग पूरा किया जा चुका है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से



अंबाला। बैंक स्कवेयर का बाहरी दृश्य। फोटोः हरिभूमि

अंबाला छावनी के बैंकों को एक ही छत के नीचे लाने के लिए प्रारंभ की गई बैंक स्क्वेयर परियोजना एक मील का पत्थर साबित होगी। यहां लगभग 32 बैंकों को एक ही छत के नीचे शिफ्ट करने की योजना है। मंत्री ने बताया कि द्वितीय चरण के तहत बैंक स्क्वेयर में पिछली तरफ बनने वाली बिल्डिंग चार मंजिला होगी जिसमें कई शोरूम बनाए जाएंगे। इसके अलावा यहां पर कार्यक्रम व कांफ्रेंस आदि आयोजित करने के लिए 450 लोगों की क्षमता का ऑडिटोरियम बनेगा। इसके अतिरिक्त रूफ टॉप पर फूट कोर्ट बनाएं जाएंगे जहां लोग खाने-पीने का आनंद ले सकेंगे। मंत्री विज के प्रयासों से 3.97 एकड़ में बैंक स्क्वेयर कम शापिंग मॉल भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। पहले चरण के कार्य के तहत लगभग 111 करोड़ रुपए की लागत से आगे बन रहे तीन मंजिला भवन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। पूरे बैंक स्क्वेयर में कुल 100 शोरूम का निर्माण होगा।

### बैंक स्क्वेयर में यह कार्य होंगे

द्वितीय चरण में बनने वाले बैंक स्क्वेयर भवन के प्रथम तल पर 12 शोरूम होंगे, इसी तरह द्वितीय तल पर 17 शोरूम तथा तीसरे तल पर कुल 20 शोरूम होंगे। तीसरे फ्लोर पर 450 लोगों की क्षमता वाला एक आडिटोरियम बनेगा तथा रूफ टॉप पर फूड कोर्ट बनेंगे। इसके अलावा यहां लिफ्ट, सीढ़यिा, एक्सकेलेटर, एचवीएसी, फायर फाइटिंग सिस्टम, महिला व पुरुष शौचालय व अन्य सुविधाएं होंगी।

---

# रंजिश के चलते युवक पर डंडों से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव स्वालवा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने पड़ोसी पर डंडों से हमला कर उसे घायल कर दिया। पीड़ति की शिकायत पर थाना छप्पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव स्यालवा निवासी सुभाष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत छह मई को शाम करीब साढ़े पांच बजे वह अपने घर के गेट के बाहर खड़ा था और उसकी माता भी वहीं मौजूद थी। इसी दौरान उसका पड़ोसी युवराज उर्फ विक्टर पुत्र कर्म सिंह डंडा लेकर मौके पर आया और आते ही गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि युवराज ने सुभाष पर डंडे से ताबड़तोड़ वार किए। पहले उसकी बांह पर, फिर कंधे और सिर के पीछे हमला किया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उसे छुड़वाया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ अपने घर चला गया। घायल अवस्था में सुभाष को उसका छोटा भाई अस्पताल लेकर गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे सिविल अस्पताल यमुनानगर रेफर कर दिया। सूचना और अस्पताल में दर्ज बयान के आधार पर थाना छप्पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आज कर्मचारी मुख्य बाजारों में प्रदर्शन कर हड़ताल के कारण बताएंगे

# झाड़ू उठाओ प्रदर्शन कर कर्मचारियों ने जताया रोष, भेदभाव का आरोप

**कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, न्यूनतम वेतन लागू करने की मांग हुई तेज**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल






नगरपालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय से जिला सचिवालय तक झाड़ू उठाओ विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि अब वे जनता के बीच जाकर अपनी मांगों को रखेंगे।

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार और प्रशासन उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। नौ मई को कर्मचारी शहर के मुख्य बाजारों में प्रदर्शन कर लोगों को हड़ताल के कारण बताएंगे।

इकाई प्रधान राजकुमार ने कहा कि कर्मचारियों को मजबूर होकर सड़कों पर उतरना पड़ा है। उन्होंने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, न्यूनतम वेतन लागू करने और फायर कर्मचारियों की मांगें पूरी करने की मांग उठाई।

प्रदर्शन के दौरान सुरिंद्र प्रोचा, विनोद प्रोचा, राजिंद्र, ओमप्रकाश सिहमार, शारदा, वीरभान बिडलान, जोनी सोदा, सेवाराम बड़सर, राजीव, राम सिंह, नरेश अठवाल, महावीर सिरसवाल, बिंदर चौहान, अमित, मीना, सरोज और मुकेश रानी सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

## सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| घरौंडा

शहर की नगरपालिका के सफाई कर्मचारी अपनी मांगो को लेकर हड़ताल पर चल रहे हैं। जिससे शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों से कुछ घंटों तक सफाई करने की बात करने के लिए धरने प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। बता दें कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, ठेका प्रथा बंद करने जैसी मांगो को लेकर सफाई कर्मचारी नगरपालिका गेट पर हड़ताल पर बैठे हुए हैं। कर्मचारियों की हड़ताल 11 मई तक बढ़ गई है। जिसके बाद नगरपालिका चेयरमैन की सिरदर्दी बढ़ गई है, क्योंकि शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। शहर के लोग चेयरमैन व प्रशासिनक अधिकारियों से सफाई कराने की मांग कर रहे हैं। सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगो को लेकर नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता को प्रदेश मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। कर्मचारी नेता रणधीर सिंह ने बताया कि वे अपनी मांगो को पूरा कराने की कई बार सरकार से मांग कर चुके हैं, लेकिन सरकार ने उनकी मांगों की ओर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानी तो आगामी रूपरेखा तैयार की जाएगी।

# सरवन माजरा में सरपंच उप चुनाव को लेकर एसडीएम के नेतृत्व में निकाला फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▸▸| इंद्री



इंद्री। गांव सरवन माजरा मे सरपंच उप चुनाव को लेकर फ्लैग मार्च निकालते एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता की अध्यक्षता में गांव सरवन माजरा में होने वाले सरपंच पद के उप चुनाव के दृष्टिगत प्रशासनिक अधिकारियों और भारी पुलिस बल के साथ गांव में फ्लैग मार्च निकाला गया। एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता ने गांव की मुख्य गलियों और संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकालते हुए ग्रामीणों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता चुनाव को बिना किसी डर या दबाव के संपन्न करवाना है। फ्लैग मार्च के जरिए यह संदेश दिया गया कि चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का व्यवधान डालने वाले या हुड़दंग करने वाले असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरपंच पद के इस उप चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी प्रलोभन या भय के कर सके। चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने गांव के नागरिकों और युवाओं से अपील की कि वे शांति बनाए रखने में सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। यदि कोई व्यक्ति चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश करता है, तो तुरंत इसकी सूचना प्रशासन को दी जाए।

## गर्वित ने की सुपर 100 प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| इंद्री

गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्याना के छात्र गर्वित लठवाल ने सुपर 100 प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर इंद्री क्षेत्र का नाम रोशन कर उपलब्धि हासिल की है। गर्वित लठवाल की इस उपलब्धि ने विद्यालय, अभिभावकों तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। गर्वित लठवाल के पिता धर्मवीर लठवाल ने बताया कि यह सफलता छात्र की मेहनत, लगन तथा विद्यालय के अध्यापकों के उचित मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. गुरनाम सिंह मंढान ने बताया कि पूरे इंद्री क्षेत्र से गर्वित अकेला लडक़ा है जिन्होंने यह परीक्षा पास की है। उन्होंने छात्र गर्वित, उसके परिवार तथा विद्यालय स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि छात्र गर्वित द्वारा सुपर 100 परीक्षा पास करना सरकारी शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता को दर्शाता है तथा यह अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि है। स्कूल प्रिंसिपल राम कुमार सैनी, प्राध्यापक अरुण कैहरबा, सलिंद्र मंढान, गोपाल, मास्टर महिंद्र खेड़ा, मानसिंह चंदेल, अजैब सिंह सैनी, रामकुमार लठवाल व विद्यालय स्टाफ ने छात्र गर्वित लठवाल को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

**खबर संक्षेप**

### सद्भावना यात्रा से प्रदेश में कांग्रेस होगी मजबूत



**करनाल।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के प्रदेश वाइस चेयरमैन जीतराम कश्यप ने कहा कि पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की ओर से निकाली जा रही सद्भावना यात्रा को प्रदेशभर में व्यापक समर्थन मिल रहा है। इससे कांग्रेस और मजबूत होगी तथा भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुरुग्राम में यात्रा में शामिल हुए, जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल और बढ़ गया है। राहुल गांधी ने प्रदेश में भाईचारा बनाए रखने और कांग्रेस को मजबूत करने का आह्वान किया। जीतराम कश्यप ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रही है और आने वाले समय में प्रदेश में बदलाव तय है। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस फिर से सत्ता में वापसी करेगी।

### मातृ दिवस पर बच्चों ने बनाए आकर्षक कार्ड

**करनाल।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-9 में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति सम्मान और प्रेम व्यक्त करते हुए सुंदर कार्ड तैयार किए और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गीतों और नृत्यों के माध्यम से माताओं के प्रति अपने भाव व्यक्त किए। विशेष रूप से 'तू कितनी अच्छी है, तू कितनी प्यारी है' गीत पर प्रस्तुत नृत्य ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया।

विद्यालय की मुख्याध्यापिका अंजना पांडे ने कहा कि माता-पिता का सम्मान करना प्रत्येक बच्चे का कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए माता-पिता के आशीर्वाद का महत्व बताया। अंत में सभी को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी गईं।

### कांग्रेस सेवादल ने मनाई हार्डिकर की जयंती

**करनाल।** कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की जयंती पर शुक्रवार को सेवादल कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा, प्रदेश महासचिव जसबीर पन्नू और ग्रामीण जिला प्रधान मदन राणा ने कहा कि डॉ. हार्डिकर महान स्वतंत्रता सेनानी और विचारक थे। उन्होंने वर्ष 1923 में कांग्रेस सेवादल की स्थापना कर युवाओं को अनुशासित स्वयंसेवक के रूप में तैयार किया।

# श्रीराम राइस ग्रुप तरावड़ी की ओर से श्रीमद्भागवत कथा 18 मई से

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरावड़ी




तरावड़ी। कथा कार्यक्रम की जानकारी देते साधुराम सिंगला और महेश सिंगला

श्रीराम ग्रुप तरावड़ी की ओर से लीलावती धाम के भव्य उद्घाटन के उपलक्ष्य में श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का आयोजन आगामी 18 मई से 24 मई तक किया जाएगा। कथा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। महोत्सव का शुभारंभ आगामी 18 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा, जिसमें सैकड़ों गणमान्य लोग भाग लेंगे। शहर के उद्योगपति, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी इस आयोजन में उपस्थित रहेंगे। विशेष रूप से 101 महिलाएं सिर पर कलश धारण कर परिक्रमा करेंगी, जो आकर्षण का केंद्र रहेंगी। यह जानकारी श्रीराम गुरप तरावड़ी के निदेशक साधुराम सिंगला ने दी। इस अवसर पर रविंदर सिंगला, विजय सिंगला, संजय सिंगला, महेश सिंगला, अक्षित सिंगला व राकेश सिंगला मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक लक्ष्मी धाम रुक्मिणी विहार वृन्दावन में किया जाएगा। कथा वाचन सुप्रसिद्ध परम पूज्य विवेक महाराज द्वारा किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह सात दिवसीय कथा श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिकता से जोडऩे का एक विशेष अवसर होगी। आयोजक साधु राम सिंगला ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ लेने की अपील की है। आयोजकों का कहना है कि यह धार्मिक आयोजन क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण को और सुदृढ़ करेगा।

# गीता मॉडर्न स्कूल में मातृ दिवस उत्सव पर बच्चों ने प्रस्तुत की प्रतिभा, प्रेम और सम्मान की अनूठी मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरावड़ी




तरावड़ी। कार्यक्रम में भाग लेते गीता मार्डन स्कूल के बच्चे। फोटो : हरिभूमि

विद्यालय में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के मन में अपनी माताओं के प्रति सम्मान, प्रेम और कृतज्ञता की भावना को और अधिक सशक्त बनाना था। विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। सभी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा पहली और दूसरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा कविता पाठ प्रतियोगिता से हुई। बच्चों ने माताओं पर आधारित सुंदर कविताएँ प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। उनकी मासूम अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास ने उपस्थित शिक्षकों एवं अभिभावकों को भावुक कर दिया। छोटे बच्चों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण पैदा किया। इसके पश्चात कक्षा तीसरी और चौथी के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने मातृ प्रेम पर आधारित गीतों पर सुंदर नृत्य कर सभी का दिल जीत लिया। रंग-बिरंगी वेशभूषा और आकर्षक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। दर्शकों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कक्षा पाँचवीं, छठी, सातवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों के लिए कार्ड मेकिंग गतिविधि आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए अपनी माताओं के लिए सुंदर एवं भावनात्मक संदेशों से सजे आकर्षक कार्ड तैयार किए। बच्चों ने रंगों और कलात्मक शैली के माध्यम से अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। यह गतिविधि विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रही। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा मातृ दिवस के महत्व पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए गए।

**प्रबंधक ने किया प्रेरित**

विद्यालय के प्रबंधक बाल कृष्ण त्रिपाठी ने अपने संदेश में कहा कि मातृ दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि माँ के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का विशेष अवसर है। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा ताकि बच्चों में नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों का विकास हो सके।



### मदर्स डे पर बच्चों ने मां को समर्पित किए गीत और कविताएं

**करनाल।** बाबा राम दास विद्यापीठ में मदर्स डे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मां के सम्मान में गीत, कविताएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने गायत्री मंत्र की भावपूर्ण प्रस्तुति से की। इसके बाद विद्यार्थियों ने मां के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करते हुए गीत एवं कविता पाठ किया। बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम और आकर्षक नृत्यों ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। विद्यालय के चेयरमैन वैद्य देविंद्र कुमार बत्रा, प्रधानाचार्य नीनू चांदना और मैनेजर साबिया बत्रा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास और संस्कार विकसित करते हैं। कार्यक्रम को अभिभावकों ने भी खूब सराहा।

## महाराणा प्रताप का जन्मोत्सव उत्साह से मनाया

- मुख्य मार्गो से गुजरी भव्य शोभायात्रा का जगह-जगह किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| घरौंडा




क्षत्रिय युवा सभा की ओर से वीर शिरोमणि महान योद्धा महाराणा प्रताप का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोंल्लास के साथ मनाया गया। बाद में भव्य शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। शोभायात्रा का शहर में भव्य स्वागत किया गया और जगह पर पानी की छबील व फ्रूट वितरित किए गए।

शुक्रवार को नई अनाज मंडी में स्थित सामुदायिक भवन में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जन्मोत्सव पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 36 बिरादरियों के लोगों ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और सभी सभा की और से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बाद में एक भंडारे का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के बाद भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा सामुदायिक भवन से शुरू होकर विश्वकर्मा चौंक, रेलवे रोड, मंडी मनी राम, मुख्य बाजार से होती हुई पूरे शहर में निकाली गई। युवाओं में भारी उत्साह दिखाई दिया और काफी ट्रैक्टरों पर सवार युवा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप अमर रहे के जयघोष लगा रहे थे। इस अवसर पर वीरेन्द्र राणा (रिंकू), मनदीप राणा, मयंक राणा, सोनू भगत, शंकर राणा, रोमी राणा, प्रिंस, जतिन, रजत, रविन्द्र प्रधान, धर्मेंद्र, अमरदीप, सतपाल, जगपाल, सुभाष राणा, अतुल, दीपक, रिपुधवन, युवा सभा के सदस्य मौजूद रहे।



### 14 मई को पंचकूला में रैली करेंगी आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स

**करनाल।** आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन ने 14 मई को पंचकूला स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक कार्यालय पर रैली करने का निर्णय लिया है। इसकी तैयारियों को लेकर सीटू कार्यालय सदर बाजार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपप्रधान सर्वेश राणा ने की जबकि संचालन जिला कैशियर सतपाल सैनी ने किया। नेताओं ने कहा कि विभाग के साथ कई बैठकों के बावजूद लंबित मांगों का समाधान नहीं हो रहा है। यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से मिलने वाला मानदेय समय पर नहीं मिल रहा, जिससे वर्करों और हेल्परों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने खाली पद भरने, टर्मिनेट कर्मचारियों को राहत देने और लंबित भुगतान जारी करने की मांग उठाई। बैठक में कांता, ओपी माटा, ममता इंद्री, मंजू, बबीता, सुखविंद्र कौर, रेखा, नरेश, शालिनी, सरोज, गीता, नीलम, सुदेश सग्गा, पिंकी, रीटा और सुनीता समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिविर में सीवरेज, स्ट्रीट लाइट और जलापूर्ति पर रहा फोकस

- जन सुनवाई में महापौर ने अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



शहरवासियों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से महापौर रेणु बाला गुप्ता ने शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई आयोजित की। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं महापौर के समक्ष रखीं। महापौर ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान मरम्मत कार्य, खराब स्ट्रीट लाइटें, सीवरेज निकासी और जलापूर्ति से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड में जाकर समस्याओं का निरीक्षण करने और तय समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

## बैंक ने कृषि ऋण, डेयरी और स्वरोजगार योजनाओं की दी जानकारी

# किसान हित में चलाई जा रहीं अनेक योजनाएं

- किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पीएनबी का मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय करनाल द्वारा सेक्टर-12 स्थित कार्यालय परिसर में "पीएनबी मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम" आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों, स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण उद्यमियों को बैंक की विभिन्न कृषि एवं वित्तीय योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा रहे। उन्होंने कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों, वित्तीय समावेशन और ग्रामीण विकास में बैंकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों से कृषि अवसंरचना, मूल्य संवर्धन और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने का आह्वान किया। मुख्यालय से पहुंचे दिनेश कुमार चौहान, डीजीएम आईआरएमडी ने बैंक की कृषि योजनाओं और वित्तीय सुविधाओं की जानकारी दी तथा किसानों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों ने कृषि ऋण, डेयरी, पशुपालन, कृषि अवसंरचना, एफपीओ, स्वयं सहायता समूह वित्तपोषण और डिजिटल बैंकिंग सेवाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, महिला समूह और ग्रामीण ग्राहक मौजूद रहे।

संध्या सत्र में दिनेश कुमार चौहान ने शाखा प्रमुखों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए वर्तमान व्यावसायिक स्थिति और आगामी चुनौतियों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सर्किल हेड करनाल त्रिमूर्ति शिव पांडेय के साथ अधिकारियों और शाखा प्रमुखों को कॉर्पोरेट लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### नशे के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने शुक्रवार को चंदौली गांव के सरकारी स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। वहीं, शिक्षक व विद्यार्थियों ने नशे के विरुद्ध जनता को भी जागरूक करने की शपथ ली।

### पड़ोसी का हत्यारोपी काबू

**पानीपत।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने पूजा विहार कॉलोनी निवासी शिवकुमार की हत्या के आरोपी साहिल निवासी गांव बडौली जिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का दावा है कि पूछताछ में आरोपी ने शिव कुमार की हत्या करना स्वीकारा है। वहीं, थानेदार जगमिंद्र ने बताया कि थाना मॉडल टाउन में पूजा विहार कॉलोनी निवासी किशन की शिकायत पर शिवकुमार की हत्या के आरोप में साहिल पर केस दर्ज किया था।

### डीईओ ने रा. स्कूल जांचा

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव निजामपुर में शुक्रवार की सुबह प्रार्थना सभा के दौरान पानीपत के जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने स्कूल पहुंच कर औचक निरीक्षण किया गया। वहीं, बूरा ने शिक्षकों को मेहनत के साथ विद्यार्थियों को शिक्षित करने का आह्वान किया। इधर, बूरा ने स्कूल की एमडीएम किचन, पेयजल, टॉयलेट, क्लास रूम, कंप्यूटर, साइंस, स्टैम लैब, एमडीएम राशन भंडारण, विद्यालय की स्वच्छता आदि का निरीक्षण किया।

### पाइट में पिच शो

**पानीपत।** पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एनएफएल द्वारा आयोजित पिच प्रीमियर शो में विद्यार्थियों ने अपनी उद्यमशीलता, रचनात्मकता, नवप्रवर्तन कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं, उद्योगपति विभू पालीवाल ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। जबकि कार्यक्रम में सुरेश तायल, राकेश तायल, शुभम तायल, प्राचार्या रेखा बजाज, उपाचार्य बॉबी सिंह आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा

**पानीपत।** हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्टचुअल टीचर्स एसोसिएशन हुकटा के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा से मुलाकात कर विश्वविद्यालयों में कार्यरत अनुबंधित शिक्षकों के लिए जॉब सिक्योरिटी एक्ट बनाकर रोजगार सुरक्षित करने की मांग की। इस अवसर पर हुकटा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ.विजय मलिक, डॉ. मीनू, डॉ.मीनाक्षी आदि उपस्थित रही।

### मातृ दिवस मनाया

**पानीपत।** पानीपत के नूरवाला की मोती कॉलोनी स्थित मोहित पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति सम्मान और प्रेम व्यक्त करने के लिए कई रंगारंग प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर स्कूल की चेयरपर्सन किरण रानी, निदेशक सागर सेन, अनुसुधा, मधुबाला, ममता, पूजा, तान्या, जिया, खुशी, मानसी, प्रियांशी, ज्योति, साधना आदि उपस्थित रहे।

### भाकपा ने निंदा की

**पानीपत।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव का.दरियाव सिंह कश्यप ने कोलकाता में व्लादिमीर इलिच लेनिन की प्रतिमा तोड़ने की निंदा की। वहीं, उन्होंने कहा कि लेनिन की प्रतिमा तोड़ने वाले दुनिया में एक से एक बर्बर तानाशाह आए और चले गए, वहीं, लेनिन जनता के विचारों में आज भी जिंदा है और आगे भी रहेगे। शहीद ए आजम भगत सिंह का लेनिन के विचारों को आत्मसात करना किसी बुत या प्रतिमा का मोहताज नहीं है।

### रेडक्रास दिवस मनाया

**पानीपत।** राजकीय स्कूल गांव बिंझौल में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। वहीं, स्कूल के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने शहीद मेजर आशीष औषधीय वाटिका में तुलसी के पौधे रोपे व और शहीद आशीष को नमन किया।

### स्वाभिमान पर्व 11 को

**पानीपत।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के उपलक्ष्य में 11 मई को जिला स्तर पर देवी मंदिर परिसर में श्रद्धा, उत्साह और गरिमा के साथ भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

---

#### बिशन स्वरूप कॉलोनी में निगम छोटे वाहनों के लिए रैंप बनवाएगा

# रेलवे के अंडरपास निर्माण में देरी से नाराज हुए विधायक

### डीसी डॉ. दहिया ने अधिकारियों को विकास कार्यों को तेजी से पूरा करवाने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में निर्माणाधीन रेलवे अंडरपासों के कार्य में हो रही देरी को लेकर शुक्रवार को विधायक प्रमोद विज ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। वहीं, विधायक प्रमोद विज और उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने पहले जिला सचिवालय में स्थित उपायुक्त कार्यालय में बैठक कर समीक्षा की और तत्पश्चात आजाद नगर अंडरपास, बिशन स्वरूप कॉलोनी तथा गोहाना फ्लाईओवर के नीचे निर्माणाधीन रेलवे अंडरपासों का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान रेलवे विभाग, नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान विधायक प्रमोद विज ने अधिकारियों से अंडरपास निर्माण कार्य में हो रही देरी के कारणों के बारे में विस्तार से जानकारी ली और इनका जल्द निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। डीसी ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि विकास कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। डीसी ने बिशन स्वरूप कॉलोनी में छोटे वाहनों के लिए अलग से रैंप बनाने के निर्देश, नगर निगम के चीफ इंजीनियर को दिए।




पानीपत। आजाद नगर में अंडर पास निर्माण जांचते हुए विधायक प्रमोद विज, डीसी डॉ वीरेंद्र दहिया आदि। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर मार्केट कमेटी चेयरमैन अवतार शास्त्री, रेलवे के सीनियर सेक्शन ऑफिसर संदीप कल्याण, निगम चीफ इंजीनियर रमेश बागड़ी, पीडब्ल्यूडी विभाग आदि विभागों के अधिकारी उपसथित रहे।

---




पानीपत। विश्व रेडक्रास दिवस पर एड्स के विरुद्ध जनता को जागरूक करते हुए सीटीएम टिनू पोशवाल, आदि। फोटो : हरिभूमि

## शरीर को निरोगी करता है रक्तदान: टिनू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला प्रशासन और रेडक्रास सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में विश्व रेडक्रास दिवस पर रेडक्रास भवन में रक्तदान शिविर आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ नगराधीश टिनू पोशवाल ने रेडक्रास के संस्थापक सर जीन हैनरी डयूनॉट के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप जला कर किया। वहीं, उन्होंने मतदान के प्रति नागरिकों को जागरूक करते हुए मतदाता जागरूकता रैली को रवानगी दी और दिव्यांगों को ट्राई साइकिलें भेंट की। वहीं, टिनू ने कहा कि थैलेसीमिया के जरूरतमंद बच्चों, रोगियों, घायलों के लिए स्वस्थ्य नागरिकों को हर हाल में रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान शरीर को निरोगी करता है।

वहीं, सीटीएम टिनू ने रक्तदाताओं को वैज लगा कर उनका हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर रेडक्रास की तरफ से लाल चन्द, जसमेर सिंह, डॉ. सोनू सिंह कला भारद्वाज, सोनिया शर्मा, मोहित, जेआरसी कोर्डिनेटर मीना कुमारी, संदीप, नीरज सैनी, मोहित, प्रीति आदि उपस्थित रहे।

---

## विश्व कल्याण की राह दिखाती है श्री गीता: वेद

- सेवा सद्भावना दिवस पर यज्ञ व मेडिकल कैंप का आयोजन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता सेवा समिति के मीडिया प्रभारी कंवर रविंद्र सैनी व पंडित वेद प्रकाश पाराशर ने कहा कि श्री गीता पूरी दुनिया को कल्याण, शांति, सद्भावना का संदेश देती है। वहीं समिति के तत्वावधान में दस मई को गीता विद्या मंदिर स्कूल, पुरानी सब्जी मंडी, सनौली रोड में सेवा सद्भावना दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के पावन सानिध्य में गीता पाठ व यज्ञ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री गीता विश्व कल्याण की राह दिखाती है। सेवा सद्भावना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। जबकि आदर्श एक विश्वास वेलफेयर सोसाइटी मेडिकल कैंप का आयोन करेगी। कैंप में डॉ. संजय सेन, डॉ ओमप्रकाश बडगुर्जर, डॉ. वरुण गोगिया, डॉ. संचित गोयल, डॉ. प्रशांत शर्मा, गायत्री होम्योपैथी क्लीनिक से डॉ. केदार बत्रा, डॉ. राधिका सरदाना नागरिकों का स्वास्थ्य जांचते हुए दवाइयां, चश्में, टूथपेस्ट व ब्रश फ्री भेंट करेगी। इस अवसर पर विभु पालीवाल, अंकुश बंसल, सुनील ग्रोवर, पार्षद अनिल मदान, सुरेश अरोड़ा, गुलशन चुघ, राजकुमार झाम्ब, एसपी बंसल, प्रीतम गुर्जर, रमेश माटा, कृष्ण रेवाड़ी, चमन गुलाटी आदि



पानीपत। श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता सेवा समिति के पदाधिकारी, जनता को सेवा सद्भावना दिवस का न्यौता देते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

## मानव की आधारशिला है मां: डॉ. विनीता

- दयाल सिंह स्कूल में मातृ दिवस पर कवि सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। वहीं कवि सम्मेलन का शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ. विनीता कुमार तोमर द्वारा मुख्य अतिथि ती समरिष्ठा देवी को स्वच्छ पर्यावरण का प्रतीक पुष्प गुच्छ भेंट कर मां सरस्वती की मूर्ति पर दीप प्रज्वलन के साथ करवाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की वहीं, विद्यार्थियों ने मां के प्रेम, त्याग, ममता, संघर्ष और समर्पण पर आधारित अनेक सुंदर एवं हृदयस्पर्शी कविताओं का पाठ किया। मां मानव की आधारशिला है। किसी ने मां को जीवन की पहली गुरु बताया, तो किसी ने उनके अथक परिश्रम और निस्वार्थ प्रेम का भावपूर्ण वर्णन किया। कार्यक्रम में वान्या, यशिका, थृष्टि, सान्वी, वंशिका, जीविका, हिताक्षी, रिद्धिमा, सारा, आल्या बजाज विजेता रही। उन्हें अतिथियों ने जहां सम्मानित किया, वहीं प्राचार्या डॉ. विनीता तोमर ने कहा कि मां हमारे जीवन की आधारशिला होती हैं। उनका प्रेम और त्याग अनमोल है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में संवेदनशीलताए संस्कार और साहित्यिक प्रतिभा को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



पानीपत। दयाल सिंह स्कूल में अतिथियों के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### यूडीआईडी कार्ड बनेंगे

**पानीपत।** जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में शुक्रवार को दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम -2016 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि जल्द ही पात्रों को यूनिक दिव्यांग पहचान पत्र (यूडीआईडी) दिया जाएगा।

### छात्रों ने भाषा का ज्ञान लिया

**पानीपत।** आईबी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की ओर से बीए प्रथम वर्ष के फंग्शनल इंग्लिश के विद्यार्थियों के लिए फोनेटिकस पर प्रेजेंटेशन गतिविधि का आयोजन हुआ। वहीं, कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम, प्रो. दीप्ति शर्मा ने विद्यार्थियों का हौसला बढाया।

---

## जनहितकारी है लोक अदालत: जज शर्मा

- पानीपत में आज होगा लोक अदालत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के न्यायिक परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। वहीं, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्षा शर्मा ने बताया कि लोक अदालत में आपसी सहमति से विभिन्न केसों को सुलझाया जाएगा। उन्होंने जनता से लोक अदालत के माध्यम अपने मुकदमों का निपटारा करवाए। वहीं लोक अदालत में निपटान से न किसी की हार और न किसी की जीत होती और लोक अदालतों में विवादों का सौहार्द पूर्वक निपटारा किया जाता है। वहीं, सभी के लिए न्याय तक पहुंच के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए एडीआर तंत्र का संवर्धन काफी महत्वपूर्ण है। लोक अदालत जनहितकारी है।



---

## मेयर ने दलित बस्तियों में विकास कार्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नगर निगम की महापौर कोमल सैनी ने वार्ड 22 में एससी बस्ती योजना के अंतर्गत करवाए जा रहे विकास कार्यों का पार्षद रोकी गहलोत, निगम अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। वहीं मेयर सैनी ने स्थानीय निवासियों से सीधे संवाद कर विकास कार्यों को लेकर फीडबैक लिया। दूसरी ओर, मेयर सैनी ने कहा कि नगर निगम द्वारा करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से शहर के दस वार्डों की एससी बस्तियों में सड़कों, गलियों, पेयजल, सीवरेज,नालियों, जल निकासी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर जीवन सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। वहीं, प्रदेश सरकार की अंतोदय की भावना के साथ विकास कार्यों को अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।



पानीपत मेयर कोमल सैनी, दलित बस्ती में विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

## योग कर सकारात्मक भाव में दिखे कैदी



**पानीपत।** जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. राज कपूर की अगुवाई में शुक्रवार से जिला कारागार गांव सिवाह में योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। वहीं, शिविर के पहले ही दिन 250 कैदियों ने योगाभ्यास किया। वहीं इनके अंदर सकारात्मक भाव देखने को मिला। इधर, शिविर में डीएसपी सतीश वत्स, जेल अधीक्षक संजीव कुमार, नीलिमा योग विशेषज्ञ और डीपीएम महिपाल के मार्गदर्शन कैदियों ने योग किया। दूसरी ओर, योग सहायक प्रवीण ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल के तहत कैदियों को योग करवाया। जबकि योग विशेषज्ञ नीलिमा ने जेल स्टाफ व कैदियों से योग को अपने जीवक का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर का पहला दिन शांति पाठ व मंत्रोच्चारण के साथ संपंन हुआ। दूसरी ओर, आयुष विभाग ने जेल व पुलिस अधिकारियों को योगा कॉफी टेबल बुक भेंट की।

---

#### पुलिस कप्तान ने अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की

## पानीपत को क्राइम फ्री जिला बना रही है पुलिस: सिंह

### लंबित शिकायतों की समीक्षा कर थाना प्रबंधकों से विस्तृत जानकारी ली

- लापरवाही पर सख्त विभागीय कार्यवाही की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने शुक्रवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में लंबित शिकायतों और जन सुनवाई व विभिन्न पोर्टल के माध्यम से थाना में प्राप्त हुई शिकायतों के संबंध में थाना प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि पुलिस टभ्म वर्क करते हुए पानीपत को क्राइम फ्री जिला बनाए। उन्होंने इस दौरान लंबित शिकायतों की समीक्षा कर थाना प्रबंधकों से विस्तृत जानकारी ली और निवारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में डीएसपी राजबीर सिंह, एसपी रीडर सब इंस्पेक्टर सुभाष व सभी थाना प्रबंधक मौजूद रहें। इधर, एसपी सिंह ने बैठक में लंबित शिकायतों की विस्तार से समीक्षा करते हुए थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए कि शिकायत चाहे ऑनलाइन, ऑफलाइन या पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुई है उसका प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर उसका निपटारा किया जाए, ताकि आमजन का पुलिस प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता पुलिस के पास शिकायत लेकर पहुंचता है तो उसे समय पर न्याय मिलना अत्यंत आवश्यक है। यदि शिकायतों का समय पर समाधान नहीं होता तो आमजन का विश्वास प्रभावित होता है। उन्होंने चेताया कि लापरवाही पर सख्त विभागीय कार्यवाही की जाएगी।



पानीपत। पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह, कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

## पंचायत विकास मंत्री कृष्ण पंवार हादसे में घायल

- पानीपत टोल के पास हुआ हादसा, मंत्री के काफिले की सभी गाड़ियां आपस में टकराई, दिल्ली नंबर की कार के चालक की लापरवाही से हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के टोल प्लाजा के पास सड़क हादसे में कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार घायल हो गए। वहीं सुरक्षा कर्मियों ने पंवार को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। हालांकि पंवार को कोई गंभीर चोट नहीं आई। फिर भी पंवार को चिकित्सकों की टीम की निगरानी में रखा गया है। इधर, पंवार के हादसे में घायल होने की सूचना पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, पानीपत से विधायक प्रमोद विज, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह आदि अधिकारी अस्पताल पहुंचे और मंत्री पंवार का हालचाल जाना। जबकि मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने मोबाइल फोन पर मंत्री पंवार का हालचाल जाना।



पानीपत। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, घायल मंत्री कृष्ण पंवार का हालचाल जानते हुए।

**ऐसे हुआ हादसा**

मंत्री पंवार शुक्रवार को चंडीगढ़ से पानीपत लौट रहे थे। शाम करीब चार बजे पंवार का काफिला टोल प्लाजा के पास पहुंचा। इस दौरान मंत्री पंवार के काफिले के आगे चल रही एक दिल्ली नंबर की कार अचानक हुडा सेक्टर 18 को जाने वाली सडक पर अचानक मुड गई, वहीं, कार के पीछे निर्धारित गति में चल मंत्री के काफिले को पायलट कर हरी गाडी इस कार से टकरा गई। इसके बाद एकाएक काफिले की सारी गाड़ियां पायलट गाड़ी के पीछे आपस में टकराती चली गईं। मंत्री पंवार इनोवा कार में सवार थे। वहीं, टक्कर लगते ही इनोवा कार के एयरबैग खुल गए, जिसके चलते मंत्री पंवार समेत इसमें सवार अन्य लोग मामूली रूप से घायल हुए। इधर, हादसे के बाद जीटी रोड की पानीपत आने वाली लेन पर यातायात बाधित हो गया। जबकि हादसा होते देख चंडीगढ जाने वाली लेन पर भी यातायात रूक गया। दूसरी ओर, मंत्री पंवार के सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया।

## खबर संक्षेप

### योग में थुआ की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

**जींद।** डीएवी सेंचुरी पब्लिक स्कूल जींद में आयोजित जिला स्तरीय ओलंपियाड योग प्रतियोगिता में कक्षा छह से आठ वर्ग में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय खेल नर्सरी थुआ की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें सायना प्रथम, खुशी द्वितीय एवं मानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ छात्राओं ने राज्य स्तरीय खेल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इस अवसर पर टीम इंचार्ज डीपीई करण सिंह एवं नर्सरी कोच काजल ने इस उपलब्धि के लिए खिलाड़ियों को मार्गदर्शन व प्रोत्साहित किया।

### बहबलपुर में धन्ना भगत जयंती उत्सव कल

**जींद।** गांव बहबलपुर में 10 मई को हरियाणा कला परिषद् व कलाकार संस्था के संयुक्त तत्वावधान में धन्ना भगत जयंती उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत सदस्य प्रवीण लाठर ने बताया कि धन्ना भगत जयंती का आयोजन सर्व समाज में संत महापुरूषों का संदेश देने तथा सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर धार्मिक व देश भक्ति से ओत.प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में हरियाणा के जाने-माने लोक कलाकारों व उनकी पूरी टीम की तरफ से प्रस्तुतियां दी जाएगी।

### पंद्रह दिन से जीत के लिए चुनावी मैदान में पसीना बहा रहे थे उम्मीदवार

# भाजपा-कांग्रेस ने प्रचार के अंतिम दिन किया सड़कों पर शक्ति प्रदर्शन

**शोर थमने के साथ ही बूथ प्रबंधन पर जोर, मतदान के लिए प्रशासन की ओर से भी तैयारियों को दिया अंतिम रूप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। मॉक ड्रिल के दौरान मौजूद चुनाव अधिकारी।

नगर निगम चुनाव को लेकर शुक्रवार शाम छह बजे प्रचार का शोर थम गया। प्रचार के आखिरी दिन भाजपा_कांग्रेस की ओर से मेयर व सदस्य पद के प्रत्याशियों ने रोड शो निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। शक्ति प्रदर्शन में दोनों दलों के स्थानीय नेताओं ने हिस्सेदारी कर लोगों से वोट की अपील की। प्रचार थमने के साथ ही अब नुक्कड़ सभाओं के साथ कोई भी प्रत्याशी रैली व अन्य कार्यक्रम नहीं कर पाएगा। बिना शोर के प्रत्याशी व्यक्तिगत तोर पर बिना शोर के लोगों से मुलाकात कर सकता है। दरअसल पिछले 15 दिनों से निगम चुनाव के दंगल में उतरे मेयर व सदस्य पद के प्रत्याशी जीत के लिए पसीना बहा रहे थे। गली गली जाकर नुक्कड़ व रैलियों के जरिए तमाम उम्मीदवार अपनी जीत के लिए प्रचार कर रहे थे। कड़ी कसरत के बाद प्रचार का शोर थमने के साथ ही ज्यादातर प्रत्याशियों ने बूथों की व्यवस्था शुरू कर दी है। हालांकि प्रचार के साथ ही ज्यादातर प्रत्याशी अपने बूथ प्रबंधन भी कर चुके हैं। फिर भी अब प्रत्याशियों की ओर से अपने बूथों के बस्ते बांटने का काम किया जाएगा। इसके लिए भाजपा_कांग्रेस के प्रत्याशियों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। मगर आजाद प्रत्याशियों के लिए यह काम बेहद मुश्किल भरा रहेगा। बूथ प्रबंधन के लिए टीम का होना बेहद जरुरी होता है।

### निकाय चुनाव को लेकर हुई मॉक ड्रिल

**अंबाला।** नगर निगम चुनाव को लेकर रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त विराट की अध्यक्षता में ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल में मॉक पोल प्रक्रिया का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। 10 मई को नगर निगम चुनाव के लिए मतदान होना है। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद गगनदीप सिंह, डिप्टी सीईओ राजन सिंगला, तहसीलदार आदित्य रंगा सहित नगर निगम चुनाव में खड़े प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि राज्य चुनाव आयोग की हिदायतों की पूर्ण पालना करते हुए संपूर्ण प्रक्रिया को पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न करवाया गया। उन्होंने कहा कि मॉक पोल प्रक्रिया के दौरान सभी निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित किया गया तथा पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करवाई गई।उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर ईवीएम और चुनाव सामग्री की उपलब्धता, सुरक्षा व्यवस्था, कर्मचारियों की ड्यूटी तथा मतदाताओं की सुविधा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रशासन द्वारा संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। इसके अलावा चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया गया है ताकि मतदान प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने आम नागरिकों से निर्भीक होकर मतदान करने और लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां एवं पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों एवं चुनाव प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि वे चुनाव आयोग की हिदायतों का पालन करते हुए चुनाव प्रक्रिया में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता एवं चुनाव संबंधी नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष टीमें गठित की गई हैं। यदि कहीं भी नियमों की अवहेलना पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ निर्धारित प्रावधानों के तहत तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सभी पुलिस थाना प्रभारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

■ **मतदान के दौरान संवेदनशील केंद्रों पर की जाएगी विशेष निगरानी**

# अटल कैंटीन से मजदूरों को मिल रहा स्वादिष्ट खाना


शहजादपुर। कैंटीन चलाने वाली सेल्फ हेल्प ग्रुप की सदस्य।

■ **सेल्फ हेल्प ग्रुप की सदस्य संभाल रही हैं कैंटीन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

अनाज मंडी में प्रदेश सरकार की पहल पर संचालित अटल श्रमिक किसान कैंटीन किसानों व मजदूरों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। कैंटीन का संचालन महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा हरियाणा राज्य कृषि विपणन मंडल के सहयोग से किया जा रहा है। मार्केट कमेटी के चेयरमैन नरेंद्र राणा कुराली ने कहा कि अटल श्रमिक किसान कैंटीन सरकार की किसान-हितैषी सोच का प्रतीक है। इससे मंडी में आने वाले किसानों, मजदूरों और व्यापारियों को सस्ती व गुणवत्तापूर्ण भोजन सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि मार्किट कमेटी का प्रयास रहेगा कि कैंटीन की सेवाएं निरंतर बेहतर होती रहें और अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। मजदूरों ने बताया कि पहले बाहर ढाबों पर जाना पड़ता था, लेकिन अब कैंटीन से बड़ी सुविधा मिल गई है।

### 10 रुपये में मिल रहा शुद्ध व स्वादिष्ट भोजन

कैंटीन प्रतिदिन सुबह 12:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक खुली रहती है, जहां किसानों, मजदूरों और मंडी में आने वाले अन्य लोगों को मात्र 10 रुपये में शुद्ध व स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराया जाता है। भोजन के लिए पहले 10 रुपये का कूपन लेना होता है। सीजन के दौरान प्रतिदिन लगभग 650 कूपन और ऑफ-सीजन में करीब 300 कूपन बिकते हैं। सरकार की ओर से प्रति थाली 15 रुपये की सब्सिडी दी जाती है। कैंटीन का संचालन छह महिला सदस्यों का सेल्फ हेल्प ग्रुप कर रहा है जिसमें मुनिया कश्यप, रानी देवी, सीमा देवी, पूजा देवी, कमलेश देवी और मिथलेश देवी। इन महिलाओं ने पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान और इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट भंबोली से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। मुनिया कश्यप ने बताया कि कैंटीन से जुडने के बाद उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है। किसानों ने कहा कि मंडी में रुकने के दौरान अब भोजन की समस्या नहीं रहती।

# वीर महाराणा प्रताप की मूर्ति का होगा भव्य अनावरण, सदर बाजार चौक पर होगी स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। पार्टी नेताओं से बातचीत करते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि हिंदुस्तान के स्वाभिमान का प्रतीक, देशभक्ति को पूरी तरह समर्पित वीर महाराणा प्रताप की जयंती पर अम्बाला छावनी के सदर बाजार में उनकी साढ़े 12 फुट ऊंची मूर्ति का अनावरण कल 9 मई को प्रातः 11 बजे सदर बाजार चौक पर किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में शरीक हों। विज शुक्रवार को अंबाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक के दौरान उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा की और दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित करने के लिए उन्होंने अपने स्वैच्छिक कोष से 50 लाख रुपए की राशि नगर परिषद अम्बाला सदर को दी थी और इसी राशि से यह मूर्ति स्थापित की जा रही है। उन्होंने बताया कि मूर्ति 16 क्विंटल वजनी है जोकि पंच धातु से निर्मित है। मूर्ति को स्थापित किया जा चुका है और कल शनिवार को इसका अनावरण किया जाएगा। विज ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी कार्यप्रणाली अन्य पार्टियों से अलग है।

### ये रहे मौजूद

उन्होंने बताया कि जल्द ही हम 12 क्रास रोड पर संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेड़कर और एसडीएम कार्यालय में शहीद सुखदेव सिंह व राजगुरू की मूर्ति भी स्थापित करेंगे। इसी प्रकार 1857 में शहीदों की याद में करोड़ों रुपए की लागत से विश्वस्तरीय शहीदी स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उपाध्यक्ष ललता प्रसाद के अलावा भाजपा नेता ओम सहगल, बलविंद्र सिंह शाहपुर, जसबीर सिंह जस्सी, संजीव सोनी, बीएस बिंद्रा, मदनलाल शर्मा, सुरेंद्र बिंद्रा, राजीव गुप्ता डिम्पल, विजेंद्र चौहान, किरणपाल चौहान, अजय बवेजा, रवि, हर्ष बिंद्रा, प्रवेश शर्मा, विकास बहगल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी आदि रहे।

### संत मोहन स्कूल में मनाया मातृ दिवस



**बराड़ा।** संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं भावनात्मक वातावरण के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, भाषण एवं गीत प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने अपने विचारों में बताया कि माँ हमारे जीवन की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति होती है, जो हर परिस्थिति में विभिन्न भूमिकाएं निभाकर अपने बच्चों का मार्गदर्शन करती है। उन्होंने कहा कि माँ का स्थान जीवन में सबसे ऊँचा होता है और उसकी भूमिका कोई अन्य व्यक्ति नहीं निभा सकता। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रिंसिपल ने सभी विद्यार्थियों को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### मातृ दिवस पर नन्हे बच्चों की प्रस्तुतियों ने नम की आंखें



**बराड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस का भव्य एवं भावनात्मक समारोह बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माताओं और बच्चों के बीच प्रेम, स्नेह और अपनत्व की अनूठी झलक देखने को मिली। विद्यालय परिसर पूरे दिन खुशी, मुस्कान और भावनाओं से सराबोर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पंजाब नेशनल बैंक दोसड़का की मैनेजर मनप्रीत कौर, गेस्ट ऑफ ऑनर मेघा तथा विशेष अतिथि परवीन के स्वागत एवं स्मृति चिह्न भेंट कर किया गया। सभी माताओं का तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह मातृ सम्मान से ओत-प्रोत हो उठा।

### संगीत और हरियाली के संगम हैं पंडित जगदीश चंद्र



**अंबाला।** चंडीगढ़ के सेक्टर 44 में स्थित मकान नंबर 3143/144D महज एक पता नहीं, बल्कि सभ्यता, संस्कृति और प्रकृति के मेल की एक जीवंत मिसाल है। यहाँ रहने वाले 89 वर्षीय पंडित जगदीश चंद्र शर्मा आज के दौर में उन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन चुके हैं, जो विरासत और पर्यावरण को सहेजने का सपना देखते हैं।विभाजन का संघर्ष और 'ग्रीन ट्राइसिटी' का सपनावर्ष 1937 में जन्मे पंडित जगदीश चंद्र शर्मा विभाजन के समय की विभीषिका देख चुके हैं। विस्थापन के बाद चंडीगढ़ को अपना घर बनाने वाले पंडित जी ने न केवल शहर को बसते देखा, बल्कि इसे हरा-भरा बनाने में अपना जीवन समर्पित कर दिया। पिछले कई दशकों से वे पौधारोपण कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके निवास स्थान पर ही 350 से अधिक गमले उनकी प्रकृति प्रेम की गवाही देते हैं।संगीत और संस्कारों का सामंजस्यपंडित जी का मानना है कि संगीत और प्रकृति दोनों ही ईश्वर के करीब ले जाते हैं। वे कहते हैं:"गीत संगीत है शक्ति ईश्वर की, हर स्वर में बसे हैं राम।"यह कलात्मक विरासत उनकी अगली पीढ़ियों में भी रची-बसी है। उनके सुपुत्र श्री हरिश्चंद्र शर्मा लोक संपर्क विभाग की प्रेस क्लिपिंग शाखा में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं, जबकि उनके पौत्र श्री रंजन शर्मा सात समंदर पार कनाडा में संगीत के माध्यम से भारतीय संस्कृति का मान बढ़ा रहे हैं।परिश्रम ही सफलता की कुंजीआज की भागदौड़ भरी जिंदगी में सकारात्मक सोच और समय के सदुपयोग पर बल देते हुए उन्होंने युवाओं को संस्कृत के इस श्लोक के माध्यम से प्रेरित किया:अर्थात: कोई भी कार्य केवल इच्छा करने से पूरा नहीं होता, उसके लिए उद्यम (परिश्रम) आवश्यक है; ठीक वैसे ही जैसे सोए हुए शेर के मुँह में हिरण खुद प्रवेश नहीं करता।एक घर, एक पौधा: भविष्य का मंत्रपर्यावरण संरक्षण की अपील करते हुए पंडित जगदीश चंद्र शर्मा ने एक सरल समाधान दिया।

### मानदेय कटौती और ठेकेदार की मनमानी के खिलाफ सफाई कर्मचारियों का फूटा गुस्सा



**अंबाला।** नगरपालिका में तैनात सफाई कर्मचारियों का गुस्सा शुक्रवार को खुलकर सड़कों पर दिखाई दिया। ठेकेदार की कथित मनमानी, समय पर वेतन न मिलने, पूरे मानदेय में कटौती और मूलभूत सुविधाओं से वंचित किए जाने के विरोध में दर्जनों सफाई कर्मचारियों ने नपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर पहुंचे कर्मचारियों ने प्रशासन और ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा मांगों को लेकर नपा सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने साफ चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि वे दिन-रात कस्बे की सफाई व्यवस्था संभालते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें उनका पूरा हक नहीं मिल रहा। सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान वेद प्रकाश ने कहा कि सरकार ने 1 अप्रैल 2026 से सफाई कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाकर 15,200 रुपये निर्धारित किया है, लेकिन ठेकेदार कर्मचारियों को पूरा भुगतान नहीं कर रहा।

### मानदेय में बंपर बढ़ोतरी के आदेश जारी

# गेस्ट टीचर्स के लिए सरकार ने खोला पिटारा

**जेबीटी टीचर्स को अब छब्बीस हजार रूपये के बेस रेट पर 520 रुपये की बढ़ोतरी मिलेगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रदेश के हजारों गेस्ट टीचर्स के लिए बड़ी खुशखबरी है। प्रदेश सरकार ने राजकीय विद्यालयों में कार्यरत जेबीटी और पीजीटी गेस्ट टीचर्स के मानदेय में बढ़ोतरी का आधिकारिक फरमान जारी कर दिया है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी इन आदेशों के बाद अब शिक्षकों को बढ़ा हुआ वेतन मिलेगा। खास बात यह है कि यह बढ़ोतरी दो अलग-अलग चरणों में लागू की जाएगी। जिससे साल 2025 में शिक्षकों की सैलरी में दो बार इजाफा होगा। जेबीटी टीचर्स को अब छब्बीस हजार रुपये के बेस रेट पर 520 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। अब इन्हें कुल 35920 रुपये मानदेय मिलेगा। जबकि पीजीटी टीचर को 36000 रुपये के बेस रेट पर 720 रुपये बढ़ाए गए है। अब इनका कुल मानदेय 48320 रुपये हो गया है। सरकार के इस फैसले के बाद से प्रदेश के सभी पीजीटी व टीजीटी शिक्षकों में खुशी का माहौल है।

### दो किस्तों में बढ़ेगी सैलरी

शिक्षा विभाग के आदेशानुसार वेतन वृद्धि का गणित दो चरणों जनवरी और जुलाई में तय किया गया है-1 जनवरी 2025 से 2% की वृद्धि साल की शुरुआत के साथ ही शिक्षकों के बेस रेट पर 2 फीसदी का इजाफा लागू हो गया है। जेबीटी टीचर्स को अब छब्बीस हजार रुपये के बेस रेट पर 520 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। अब इन्हें कुल 35920 रुपये मानदेय मिलेगा। जबकि पीजीटी टीचर को 36000 रुपये के बेस रेट पर 720 रुपये बढ़ाए गए है। अब इनका कुल मानदेय 48320 रुपये हो गया है।

### तीन फीसदी की बढ़ोतरी

1 जुलाई 2025 से 3% की वृद्धि जुलाई महीने से सरकार बेस रेट पर कुल 3 फीसदी की बढ़ोतरी लागू करेगी। इससे जेबीटी टीचर्स के बेस रेट पर 780 रुपये की वृद्धि के साथ सैलरी 36700 रुपये हो जाएगी। जबकि पीजीटी टीचर्स के बेस रेट पर 1080 रुपये की बढ़ोतरी के बाद मानदेय 49400 रुपये के आंकड़े को छू लेगा। निदेशक माध्यमिक शिक्षा की ओर से जारी पत्र में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि गेस्ट टीचर्स को बढ़ा हुआ मानदेय रिलीज किया जाए। इस आदेश की प्रति मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के निजी सचिवों सहित सभी संबंधित विभागों को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी गई है

